WE ARE YOUR DOL

NEW YORK STATE | Department of Labor

बेरोज़गारी बीमा के लिए काम के तलाश की योजना

नाम: ____ OSOS ID #: ____________________

1. ☐ मैं समझता/समझती हूँ कि मुझे:
   - काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम होना आवश्यक है और तत्परता के साथ प्रत्येक सप्ताह के दौरान काम तलाशना होगा जब मैं लाभ का दावा करूंगा/करूंगी;
   - "काम खोजने के लिए व्यवस्थित और निरंतर प्रयासों" में शामिल होना होगा, जिसका अर्थ है कि मुझे इस कार्य खोज योजना का पालन करना होगा और मुझे उस प्रकार के काम को समझना होगा जिसे मुझे खोजना और स्वीकार करना है;
   - मुझे JobZone में ऑनलाइन वर्क सर्च रिकॉर्ड, न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग वर्क सर्च रिकॉर्ड फॉर्म, WS 5, या मेरे द्वारा बनाए गए इसी तरह के वर्क सर्च रिकॉर्ड का उपयोग करके हर सप्ताह अपनी कार्य खोज गतिविधियों का विस्तृत रिकॉर्ड रखना होगा जिसमें आवश्यक जानकारी शामिल हो, और;
   - मुझे अपने वर्क सर्च रिकॉर्ड को एक वर्ष के लिए रखना होगा और अनुरोध पर उन्हें श्रम विभाग को उपलब्ध कराना होगा
2. ☐ मैं उस काम की तलाश करूंगा/करूंगी और उसे स्वीकार करूंगा/करूंगी जो मैं प्रशिक्षण और/या अनुभव के अनुसार ठीक तरह से फिट हूं।

   मैं कम से कम: ___________ प्रत्येक सप्ताह वर्क सर्च की गतिविधियाँ करूंगा/करूंगी।
3. ☐ मैं समझता/समझती हूं कि मुझे ऐसे काम को स्वीकार करने से इंकार नहीं करना होगा जो समान काम के लिए कम से कम बेरोजगारी बीमा "कट ऑफ" वेतन का भुगतान करता हो, भले ही यह मेरी पिछली नौकरी पर अर्जित आय से कम हो या उस वेतन से कम हो जो मैं प्राप्त करना चाहता/चाहती हूं। मैं श्रम विभाग की वेबसाइट https://statistics.labor.ny.gov/uiwages.shtmसे प्रचलित मज़दूरी दर प्राप्त कर सकता/सकती हूँ।
4. ☐ मैं समझता/समझती हूं कि पूरे 10 सप्ताह के लाभों का दावा करने के बाद मुझे अपना वर्क सर्च बढ़ाना होगा। मुझे किसी भी प्रकार के कार्य को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना होगा जिसे करने में मैं सक्षम हूँ, भले ही मेरे पास उस प्रकार के कार्य का प्रशिक्षण या अनुभव न हो। मैं इस तरह के काम को तब तक स्वीकार करता रहूंगा/रहूंगी जब तक कि यह उस व्यवसाय के लिए बेरोज़गारी बीमा "कट ऑफ" वेतन का भुगतान करता है **और** मेरी बेस पीरियड उच्च हाई की तिमाही मज़दूरी का कम से कम 80% तक करता है।
5. ☐ मैं काम करने के लिए तुरंत उपलब्ध हूँ।
6. ☐ मैं **पूर्ण-कालिक** काम की तलाश के लिए सहमत हूँ।

   नोट: यदि आपके पास पिछले 18 महीनों के भीतर कम से कम **छह महीने** के अंशकालिक रोजगार का इतिहास नहीं है, और यदि आप पूर्णकालिक काम की तलाश या स्वीकार नहीं करते हैं तो आपको लाभ से वंचित किया जा सकता है। यदि आप पूर्णकालिक काम की तलाश नहीं कर रहे हैं, तो यहां इसका कारण बताएं: ____
   ____
7. ☐ मैं काम पर जाने के लिए निजी परिवहन से एक घंटा या सार्वजनिक परिवहन से डेढ़ घंटे की यात्रा करने के लिए तैयार हूँ।
8. ☐ मेरे पास काम की तलाश करने और काम पर जाने के लिए परिवहन का साधन है। मेरे वाहन में शामिल हैं:

   निजी वाहन　　सार्वजनिक वाहन　　अन्य। यदि अन्य तो, कृपया वर्णन करें: ____________________
9. ☐ मैं अपनी वर्क सर्च रणनीति और दृष्टिकोण का पालन करूंगा जैसा कि उल्लिखित है। यह मेरे कौशल, अनुभव, प्रशिक्षण और व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर विकसित किया गया था। यह मेरे पास मौजूद किसी भी नौकरी प्रतिबंध या वर्क सर्च बाधाओं पर भी विचार करता है।

   अतिरिक्त टिप्पणियां: ____
   ____

10. मैं निम्नलिखित वर्क सर्च गतिविधियों को करने और निम्नलिखित वर्क सर्च साधनों का उपयोग करने के लिए सहमत हूँ। मैं समझता/समझती हूं कि मुझे प्रत्येक सप्ताह वर्क सर्च गतिविधियों को करना ही होगा और रिकॉर्ड करना ही होगा जिसे मैं लाभों के लिए प्रमाणित करूं। (लागू होने वाले सभी को चिन्हित करें)

1) ☐ स्थानीय करिअर सेंटर में उपलब्ध रोज़गार संबंधी संसाधनों का उपयोग करें या श्रम विभाग द्वारा विकसित वर्चुअल करिअर सेंटर का इस्तेमाल करें, जैसे कि:
   - करिअर सेंटर के सलाहकारों से मिलें;
   - किसी विशेष उद्योग या क्षेत्र की नौकरियों की उपलब्धता के संबंध में करिअर सेंटर के कर्मचारियों से नौकरी बाज़ार की जानकारी प्राप्त करें;
   - व्यवसाय मिलान के लिए कौशल आकलन में भाग लें;
   - प्रशिक्षणात्मक कार्यशालाओं में भाग लें; और
   - जॉब रेफ़रल पर नियोक्ताओं के साथ संपर्क में रहें और करिअर सेंटर से नौकरी का मिलान करें।

2) ☐ उन नियोक्ताओं या पूर्व नियोक्ताओं को नौकरी के लिए आवेदन करें और/या अपना रेज्यूमे उनके पास जमा करें, जिनके यहाँ बहाली की उम्मीद हो सकती है।

3) ☐ जॉब सर्च सेमिनार, निर्धारित की गई करिअर नेटवर्किंग मीटिंग्स, रोज़गार मेला या रोजगार से संबंधित वर्कशॉप्स में भाग लें जो नौकरी ढूंढने के कौशल में सुधार के लिए निर्देश प्रदान करते हैं।

4) ☐ संभावित नियोक्ताओं के साथ साक्षात्कार करें।

5) ☐ सार्वजनिक या निजी नियोक्ता के यहाँ पंजीकरण करें, आवेदन करें या नौकरी से जुड़ी या भर्ती पूर्व की परीक्षाएं दें।

6) ☐ निजी रोज़गार एजेंसियों, प्लेसमेंट सर्विसेज़, यूनियन्स और स्कूलों, कॉलेजों या विश्वविद्यालयों और/या पेशेवर संगठनों के प्लेसमेंट कार्यालयों के यहाँ पंजीकरण कराएं और वहां पता लगाएं।

7) ☐ नौकरियाँ खोजने, लीड पाने, रेफरल की माँग करने या नौकरी के लिए इंटरव्यू के लिए अपॉइंटमेन्ट लेने के लिए टेलीफोन, व्यावसायिक डायरेक्ट्रियों, इंटरनेट, सोशल मीडिया या ऑनलाइन जॉब मैचिंग सिस्टमों को इस्तेमाल करें।

8) ☐ ऐसी कोई भी अन्य वाजिब गतिविधि जो आपको नौकरी पाने में मदद कर सकती है।

☐ अन्य/नोट: ______________________________

प्रमाणन

मैं सहमत हूँ कि:

✓ तत्परता के साथ काम की तलाश करूंगा/करूंगी और जैसा कि ऊपर बताया गया है प्रत्येक सप्ताह अपने खोज प्रयासों का रिकॉर्ड रखूँगा/रखूंगी;

✓ मेरे द्वारा लाभों का दावा करने से पहले प्रत्येक सप्ताह अपनी वर्क सर्च योजना की समीक्षा करूंगा/करूंगी और उपरोक्त शर्तों में किसी भी बदलाव की तुरंत अपने स्थानीय करिअर सेंटर को रिपोर्ट करूंगा/करूंगी।

मैं यह भी मानता/मानती हूँ कि:

✓ मैंने वर्क सर्च योजना और वर्क सर्च रिकॉर्ड फॉर्म्स की समीक्षा कर ली है और उन्हें समझ लिया है।

✓ मैं समझता/समझती हूँ कि मुझे सभी निर्धारित अपॉइंटमेंट्स, वर्कशॉप्स, क्लासेज़ और नौकरी की बहालियों में शामिल रहना आवश्यक है।

✓ मैं करिअर सेंटर द्वारा निर्धारित सभी अपॉइंटमेंट्स की रिपोर्ट करूंगा/करूंगी और यदि मैं ऐसा नहीं करता/करती हूं, तो मेरे बेरोज़गारी बीमा लाभ रोके जा सकते हैं।

✓ जब भी अनुरोध किया जाएगा मैं ऑडिट के लिए अपना वर्क सर्च रिकॉर्ड प्रस्तुत करूंगा/करूंगी और यदि मैं ऐसा नहीं करता/करती हूं, तो मेरे बेरोजगारी बीमा लाभ रोके जा सकते हैं।

✓ मैं समझता/समझती हूं कि मैं अपने वर्क सर्च रिकॉर्ड पर जिन संपर्कों की रिपोर्ट करता/करती हूं, उनकी श्रम विभाग द्वारा जांच की जा सकती है।

✓ मेरे वर्क सर्च रिकॉर्ड पर कोई भी जान बूझ कर ग़लत बयान धोखाधड़ी माना जाता है। अगर मैं जानबूझकर बेरोज़गारी बीमा लाभ प्राप्त करने के लिए कोई गलत बयान देता/देती हूं, तो उन लाभों को रोक दिया जा सकता है और जुर्माना लगाया जा सकता है। इन दंडों में अभियोजन शामिल हो सकता है।

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मैंने इस वर्क सर्च योजना में जानकारी की समीक्षा की है। **मैं समझता/समझती हूं कि अगर मैं इस योजना के प्रावधानों का पालन नहीं करता/करती हूं, तो मैं बेरोज़गारी बीमा लाभ प्राप्त करने के योग्य नहीं हो सकता/सकती।**

ग्राहक हस्ताक्षर: ______________________________ दिनांक: ______________

मैं इस योजना को विकसित करने और समीक्षा करने के लिए ग्राहक से मिला/मिली।

वर्कफ़ोर्स सलाहकार: ______________________________ दिनांक: ______________

करिअर सेंटर लोकेशन: ______________________________